2 किलो अफीम दूध सहित दो तस्कर गिरफ्तार

पुलिस ने उदयपुर-पालनपुर फोरलेन पर डांगा पुलिया के पास पकड़ा, कार जब्त

सिरोही, 12 मार्च (का.सं.)। सिरोही पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। डीएसटी टीम और पिंडवाड़ा पुलिस ने संयुक्त अभियान में उदयपुर-पालनपुर फोरलेन पर डांगा पुलिया के पास से करीब 2 किलो अफीम दूध के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

एसपी अनिल कुमार के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान उदयपुर की तरफ से आ रही एक कार को रोका। तलाशी में कार से प्लास्टिक की थैली में छिपाकर

रखा 1 किलो 932 ग्राम अफीम का दूध बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर कार में सवार दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों की पहचान चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी थाना क्षेत्र के पाल का खेड़ा निवासी बाबूलाल गुर्जर (24) और भोजराज गुर्जर (45) के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने अफीम के साथ कार भी जब्त कर ली है।

उदयपुर में मिलावटी 250 लीटर घी जब्त

उदपपुर, 12 मार्च (का.सं.)। उदपपुर की घंटाघर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम रावजी का हाटा इलाके में एक डेयरी पर छापामार कार्रवाई की। यहां से 250 लीटर मिलावटी घी जब्त किया गया। डेयरी यश नागदा नाम के व्यक्ति की बताई जा रही है, जो डालडा, महाकोश और बाबा ब्रांड के घी को मिलाकर बेचता था। साथ ही उसमें एसेंस और पीला रंग मिलाकर तैयार करता था। इसके अलावा गाय और भैंस के घी के नाम पर अलग-अलग एसेंस डालकर ग्राहकों को गुमराह किया जा रहा था। डीएसटी प्रभारी श्यामसिंह रत्नू ने बताया- टीम को गोपनीय सूचना मिली थी कि डेयरी पर मिलावटी घी बेचा जा रहा है जो आमजन के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ कर रहा है। ऐसे में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मेडिकल टीम के साथ घी की जांच करते हुए उसे सीज किया गया।

जिला ई गवर्नेंस सोसायटी की बैठक आयोजित हुई

सिरोही, 12 मार्च (का.सं.)। जिला ई गवर्नेंस सोसायटी एवं जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी (डीएलएएमसी), सिरोही की बैठक 11 मार्च (मंगलवार) को जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के वी.सी. कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजना यथा ई-मित्र, ई-मित्र प्लस, आधार परियोजना, राजनेट, एफ.टी.टी.एच. सुरक्षा एवं निगरानी तंत्र के रूप विकसित अभय कमाण्ड परियोजना एवं लाडली सुरक्षा योजना एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सोसायटी के सचिव गोविन्द टी चैधरी, सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। सचिव द्वारा ई-गवर्नेंस अन्तर्गत विभागीय योजनाओं एवं प्रगति से सभा में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। ई-मित्र दर सूची बैनर इत्यादि संबंधित चर्चा में अनियमितता करने वाले ई-मित्र कियोस्कों पर अध्यक्ष द्वारा सख्त कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार द्वारा ई-मित्र संचालकों हेतु वित्तीय व्यवहारिकता बनाये रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में सीमित संख्या में ई-मित्र कियोस्क खोलने का सुझाव दिया गया साथ ही आम जन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों यथा बिजली विभाग, जलदाय विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर पालिका इत्यादि में ई-मित्र केन्द्र स्थापित किये जाने संबंधित चर्चा की गई। जिला कलेक्टर एवं कमेटी अध्यक्ष द्वारा ओवरचार्जिंग एवं अनियमितताओं की रोकथाम के संबंध में सभी विभागों यथा बी.एस.एन.एल, डाकघर, बैंक, पोस्ट ऑफिस, कॉमन सर्विस सेन्टर, इत्यादि के उपस्थित अधिकारी एवं प्रतिनिधियों को उनके विभाग के अधीन समस्त आधार केन्द्रों पर रेट लिस्ट बैनर हिन्दी भाषा में चस्पा करवाने एवं प्रतिमाह अपने अधीन कुल आधार केन्द्रों का कम से कम 5 प्रतिशत केंद्रों पर निरीक्षण करने के निर्देश प्रदान किये गये। यूआईडीएआई प्रबंधक आशुतोष द्वारा अवगत कराया गया कि सिरोही जिले में आधार का मेण्डेट्री आधार अपडेट किया जाना आवश्यक है। इसके लिए जिला कलेक्टर द्वारा 05 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों के आधार सस्पेन्ड ना हो इसके लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन करवाये जाने के निर्देश प्रदान करने के साथ अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन के लिए विद्यालयों में बैनर इत्यादि चस्पा कर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने के निर्देश भी जिला कलेक्टर द्वारा प्रदान किये गये। पीएम श्री एवं महात्मा गांधी विद्यालयों के अधीन संचालित बाल वाटिका के विद्यार्थियों के नवीन आधार नामांकन करवाये जाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग सिरोही से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक आधार नामांकन करवाये जाने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिये गये। महिला एवं बाल विकास विभाग की 05 आधार मशीन एवं शिक्षा विभाग के अधीन उपलब्ध 10 आधार मशीनों को संचालित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। कलेक्टर द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से जिले के ट्रांसजेंडरों का डाटा/विवरण प्राप्त कर आधार नामांकन संबंधित जानकारी प्राप्त करने एवं आवश्यक होने पर विशेष प्रयास कर उनके आधार नामांकन किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में कोषाधिकारी अल्का सिंह, अधीक्षण अभियंता डिस्कॉम हेमेन्द्र जिंदल, सहायक अभियंता जलदाय विभाग, अशोक कुमार मीणा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह कच्छवाहा, जिला रसद अधिकारी तेज सिंह मेडतिया, मुख्य आयोजना अधिकारी राजेश वर्मा, पॉलिटेकनिक कॉलेज के प्रवक्ता निलेश शर्मा एवं ज्ञान वर्धन, बी.एस. एन.एल. प्रतिनिधी जेटीओ उमेश मीणा एवं संयुक्त निदेशक गोविन्द टी चैधरी, प्रोग्रामर नेहा राठौड, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) मृदुला व्यास, उप निदेशक, महिला बाल विकास सोमेश्वर देवडा, मैनेजर लीड बैंक उदाराम मीणा, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के समस्त ब्लॉक प्रोग्रामर, जिला प्रबंधक कॉमन सर्विस सेन्टर श्रवण मीणा एवं सुमेर सिंह उपस्थित रहे तथा यूआईडीएआई प्रबंधक आशुतोष द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया गया।

पति पर पत्नी की हत्या का आरोप

महिला के पिता बोले-बेटे से मारपीट करता था, घटना के बाद से फरार

उदयपुर, 12 मार्च (का.सं.)। उदयपुर की विवाहिता विनीता जैन का पुणे में 25 फरवरी को संदिग्ध अवस्था में मिले शव के मामले में परिजनों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक विनीता के पिता हेमंत कुमार जैन ने बताया कि विनीता के पति हिमांशु जैन का अन्य महिला से अवैध संबंध था। ये जानकारी जब बेटी विनीता को पता लगी तो उसने कई बार पति से समझाइश की लेकिन वह नहीं माना।

इसे लेकर कई बार झगड़ा होता था और वह विनीता के साथ मारपीट करता था। परिजनों ने बताया कि साल 2017 में उन्होंने अपनी बेटी विनीता की शादी हिमांशु जैन से की थी। हिमांशु पुणे में आईटी कम्पनी में जॉब करता है। वह एक डांस ग्रुप में भी काम करता है। विनीता के 11 महीने की एक बेटी थी, जिसकी बीते साल बैड से गिरने के बाद मौत हो गई थी।

हाई बीपी और डायबिटीज के खिलाफ विशेष अभियान, अब तक 67 मिलियन से अधिक रोगियों का हुआ इलाज

नई दिल्ली, 12 मार्च (वेब वार्ता)। देश में बड़े पैमाने पर हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के रोगियों का इलाज किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी पहल '75 बाय 25% के तहत हाई ब्लड प्रेशर के 42.01 मिलियन और डायबिटीज के 25.27 मिलियन लोगों का इलाज किया गया है।

सरकार ने मई 2023 में '75 बाय 25% पहल की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य दिसंबर 2025 तक देश में हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज से पीड़ित 75 मिलियन लोगों को इससे बाहर निकालना है। राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री जाधव ने बताया कि भारत ने गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के बोझ के इलाज के लक्ष्य का 89.7 प्रतिशत हासिल कर लिया है। बता दें कि हृदय रोग, कैंसर, पुरानी फेफड़ों की बीमारी, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर एनसीडी में गिने जाते हैं, जो सालाना 70 प्रतिशत से अधिक मौतों के लिए जिम्मेदार हैं।

ऐसे रोगों की पहचान और उनसे निपटने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने 20 फरवरी को एनसीडी स्क्रीनिंग अभियान शुरू किया है। यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य 30 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों की 100 प्रतिशत स्क्रीनिंग करना है, ताकि ऐसे रोगियों की पहचान हो सके। इसे एनपी-एनसीडी के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुविधाओं और अन्य स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में चलाया जा रहा है। इसके अलावा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जैसे एनसीडी के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2010 में गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) शुरू किया था। इस कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों की प्रारंभिक पहचान और जांच, स्वास्थ्य सेवा देखभाल के सभी स्तरों पर जांच को लागू करना और सटीक इलाज के लिए सहायता प्रदान करना शामिल है।

इंदौर में वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड पुरस्कार समारोह का समापन हुआ, जिसमें बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां और प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए

50 उत्कृष्ट व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित किया गया

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

इंदौर, 12 मार्च (वेब वार्ता)। इंग्लैंड के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संगठन वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस ने मध्य प्रदेश के इंदौर मैरियट होटल में %पुरस्कार समारोह 2025% का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम उत्कृष्टता का उत्सव था, जिसमें समाज में असाधारण योगदान देने वाले विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह में पूरे भारत से नेताओं, नवप्रवर्तकों और परिवर्तन करने वालों की एक प्रतिष्ठित सभा ने भाग लिया। इस अवसर पर बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां, विभिन्न उद्योगों की प्रभावशाली हस्तियां और

सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पुष्यमित्र भार्गव (महापौर, इंदौर) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री विशाल कपूर (फिल्म निर्माता और बॉलीवुड फैशन आइकन) ने की। विशेष अतिथियों में श्री कमल घिमिरे (भारतीय टीवी अभिनेता), श्री अनिल जेठवानी (भारत सरकार), श्रीमती जूही भार्गव (उच्च न्यायालय, अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता), श्रीमती माला सिंह ठाकुर (सामाजिक कार्यकर्ता) और श्री गजेंद्र नारंग (रियल एस्टेट विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता) शामिल थे। इस कार्यक्रम में इंग्लिश न्यूज़ की ओवरसीज़ पत्रिका (महिला विशेष संस्करण) का भी शुभारंभ हुआ, जो वैश्विक विकास और समाचारों के लिए समर्पित एक महत्वपूर्ण प्रकाशन है। इसके अतिरिक्त, भारत के विभिन्न हिस्सों से 50 उत्कृष्ट व्यक्तियों और संगठनों को उनके संबंधित क्षेत्रों में उनके असाधारण कार्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस समारोह का शानदार संचालन वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस के उपाध्यक्ष श्री संजय पंजवानी ने किया, जिन्होंने कार्यक्रम की कार्यवाही का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. डॉ. जितेंद्र तलरेजा ने किया, जिनके शब्दों ने शाम की भावना और वैश्विक उत्कृष्टता को पहचानने के महत्व को दर्शाया।

संभल का उल्लेख इस्लाम से भी पहले के ग्रंथों में है, मंदिर को 1526 में नष्ट कर दिया गया था: आदित्यनाथ

लखनऊ, 12 मार्च (वेब वार्ता)। संभल में मस्जिद विवाद के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि संभल का उल्लेख 5,000 साल पुराने शास्त्रों में है और यह इस्लाम से पहले का है।

आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि संभल में श्री हरि विष्णु मंदिर को 1526 में नष्ट कर दिया गया था। उन्होंने कहा, संभल का उल्लेख 5,000 साल पुराने ग्रंथों में किया गया है। उनमें भगवान विष्णु के भावी अवतार का उल्लेख है। दूसरी ओर, इस्लाम का उदय केवल 1,400 साल पहले हुआ। मैं ऐसी चीज़ की बात कर रहा हूं जो इस्लाम से कम से कम 2,000 साल पुरानी है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''इन बातों के सबूत सदियों से मौजूद हैं। याद कीजिए, 1526 में संभल में भगवान विष्णु का मंदिर तोड़ा गया था। दो साल बाद, 1528 में अयोध्या में राम मंदिर को भी तोड़ दिया गया था। आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका 'ऑर्गनाइजर' द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम 'मंथन- कुंभ और उसके आगे' में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दोनों कृत्य एक ही व्यक्ति द्वारा किए गए थे। आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में हर धर्म और पूजा पद्धति में कुछ अच्छे गुण होते हैं। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि किसी की आस्था को जबरन छीनना और उनकी मान्यताओं को कुचलना अस्वीकार्य है - 'खासकर जब हम संभल के बारे में सच्चाई जानते हैं।' संभल में पिछले नवंबर में अदालत के आदेश के बाद एक मस्जिद के सर्वेक्षण के कारण तनाव बना हुआ है। कुछ लोगों का दावा है कि यह मस्जिद एक ध्वस्त मंदिर पर बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल एक 'ऐतिहासिक सत्य' का प्रतिनिधित्व करता है, और उन्होंने हमेशा इसके बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'मैं योगी हूं। मैं हर संप्रदाय, समुदाय और पूजा पद्धति का सम्मान करता हूं। अगर आप गोरखनाथ पीठ जाएं, तो आप देखेंगे कि वहां किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है। सभी जाति, क्षेत्र और संप्रदाय के लोग एक साथ बैठकर एक ही थाली में भोजन करते हैं। हमारे पूज्य संत, चाहे वे किसी भी धर्म से जुड़े हों, एक साथ बैठकर भोजन करते हैं और उन्हें समान सम्मान मिलता है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'इसलिए मैं कहता हूं कि भारत की वैदिक परंपरा की भावना, जैसा कि उपनिषदों में व्यक्त किया गया है, हमारे अंदर गहराई से समाहित है। पूजा की हर पद्धति, चाहे वह सनातन धर्म से जुड़ी हो या दुनिया के किसी भी अन्य धर्म से, उसमें कुछ अंतर्निहित अच्छाइयां होती हैं, यही वजह है कि इतने सारे लोग उनका पालन करते हैं। विपक्षी दलों और आलोचकों की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'इन लोगों को पहले धर्मग्रंथों को पढ़ना चाहिए, उसके बाद ही मुझे उन पर बहस करने की चुनौती देनी चाहिए।'

शरारती तत्वों तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखें: हेमंत

रांची, 12 मार्च (वेब वार्ता)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए राज्य में विधि व्यवस्था संधारण की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मौके पर मुख्यमंत्री ने वरीय पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अभियान एवी होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी इत्यादि त्योहारों के मद्देनजर राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हर हाल में सुनिश्चित करें।

आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालयों पर खास ध्यान दिया जाता है: सरकार

नई दिल्ली, 12 मार्च (वेब वार्ता)। आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाली महिलाओं, बच्चों को स्वच्छ जल मुहैया कराए जाने को सरकार की पहली प्राथमिकता बताते हुए महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने बुधवार को दावा किया कि आंगनवाड़ियों में पेयजल एवं शौचालयों पर खास ध्यान दिया जाता है।

राज्यसभा में भाजपा के एस सेल्वागनबेथी के पूरक प्रश्न के उत्तर में सावित्री ने बताया कि आंगनवाड़ी में आने वाली महिलाओं, बच्चों को स्वच्छ जल मुहैया कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ियों में पेयजल एवं शौचालयों पर खास ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ियों में शुद्ध पेयजल के लिए आरओ की व्यवस्था की जा रही है ताकि बच्चों, किशोरियों तथा गर्भवती महिलाओं को पीने का साफ पानी मिल सके। महिला और बाल विकास राज्य मंत्री ने पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि सभी आंगनवाड़ियों में स्मार्ट फोन उपलब्ध कराया गया है जिनके माध्यम से वहां आने वाली महिलाओं तथा बच्चों की निगरानी की जाती है ताकि जरूरतमंद को सही पोषण दिया जाए। कांग्रेस की रजनी पाटिल ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बेहद कम है और लंबे समय से इसकी समीक्षा भी नहीं की गई है। इस पर सावित्री ठाकुर ने कहा कि देश में हर जगह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हैं और उनको सरकार हर सुविधा देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि करीब 18,000 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आयुष्मान भारत योजना से, सहायिकाओं को जीवन ज्योति योजना से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 4,500 रुपये मानदेय तो दिया ही जाता है लेकिन अच्छा काम करने पर उन्हें प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा ने कहा कि 'स्कीम वर्कर' देश की अधिकतर योजनाएं चला रहे हैं तो उनका मानदेय निश्चित रूप से प्राथमिकता में होना चाहिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में दिए जाने वाले पोषक आहार के बारे में पूछा। सावित्री ठाकुर ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में केंद्र सरकार के मानदंड के अनुसार पोषक आहार दिया जाता है और राज्य सरकारें अपने मानकों के अनुसार भी पोषक आहार देती हैं। भाजपा के डॉ दिनेश शर्मा के पूरक प्रश्न के उत्तर में सावित्री ठाकुर ने बताया कि हेल्पलाइन के जरिये पोषण-2 के तहत दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी हम हासिल करते हैं।

नीट यूजी का पेपर लीक नहीं हुआ, अनियमतिता की जांच चल रही है: सरकार

नई दिल्ली, 12 मार्च (वेब वार्ता)। सरकार ने राज्यसभा में दोहराया कि मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की परीक्षा नीट का पेपर लीक नहीं हुआ था और इस परीक्षा में जो अनियमितता तथा गड़बड़ी हुई, उसकी केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच की जा रही है। शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजुमदार ने सदन को पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि उच्चतम न्यायालय ने भी अपने आदेश में कहा है कि इस परीक्षा का पेपर लीक होने के साक्ष्य नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में यह कहना कि यह पेपर लीक हुआ है। यह न्यायालय के आदेश के अनुरूप नहीं है। इस मामले में 45 छात्रों को आरोपी पाया गया है और उनके खिलाफ कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो इस मामले की व्यापक जांच कर रहा है और कुछ मामलों में आरोप पत्र भी दायर किये गये हैं।

राज्यसभा में 'डुप्लीकेट' मतदाता फोटो पहचान पत्र का उठा मुद्दा, विपक्ष ने की जांच और चर्चा की मांग

नई दिल्ली, 12 मार्च (वेब वार्ता)। राज्यसभा में बुधवार को विपक्षी दलों ने मतदाता पहचान पत्र क्रमांक संख्या में दोहराव का मुद्दा उठाया गया और निर्वाचन आयोग से इस 'गड़बड़ी' की जांच करने तथा तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा ने शून्यकाल के तहत इस मुद्दे का उठाते हुए कहा कि यह एक प्रश्न ऐसा है जो पिछले कुछ वर्षों से ना सिर्फ राजनीतिक दलों को बल्कि आम नागरिक को भी उद्वेलित कर रहा है। इससे पहले, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों ने मतदाता फोटो पहचान पत्र के दोहराव वाले अनुक्रमांक (ईपीआईसी) के मुद्दे पर नियम 267 के तहत उच्च सदन में तत्काल चर्चा कराए जाने की मांग की थी लेकिन उपसभापति हरिवंश ने इससे संबंधित सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए।

महिलाओं, बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के मामलों की सुनवाई के लिए 745 विशेष अदालतें कार्यरत

नई दिल्ली, 12 मार्च (वेब वार्ता)। महिलाओं एवं बच्चों की यौन अपराधों से सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने बुधवार को कहा कि देश में ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए 404 विशेष पॉक्सो अदालतों सहित 745 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें कार्यरत हैं जिनमें 3,06,000 से अधिक मामलों को निपटाया गया है।

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने राज्यसभा को बताया कि यौन अपराधों से पीड़ित महिलाओं और बच्चों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 2019 में राज्यवार फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें शुरु कीं जो तीस राज्यों में काम कर रही हैं। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि अब तक 790 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 404 विशेष पॉक्सो अदालतों सहित 745 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में काम कर रही हैं। इनमें बलात्कार और पॉक्सो (बच्चों का यौन शोषण से संरक्षण) अधिनियम के तहत अपराधों के 3,06,000 से अधिक मामलों को निपटाया गया है। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न से पीड़ित बच्चों को निर्भया कोष के तहत मदद की जाती है।

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

शाखा:- नगर पालिका,पिण्डवाडा,सिरोही

सार्वजनिक वाहन नीलामी

ऋण न चुकाने पर जब्त किए गए निम्न वाहनों को 'जहां है, जैसी है'और 'जो कुछ भी है' की विक्रय करने हेतु बोली आमंत्रित की जाती हैए वहां के लिए केवाईसी प्रस्ताव के साथ आरक्षित मूल्य की 10% बयाना राशि, निम्न वर्णित खाता सं. के पक्ष में नेफ्ट/आरटीजीएस/डीडी/बीसी एवं अन्य माध्यम से देय हो। बैंक किसी भी प्रस्ताव को किसी भी कारणवश निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रखता है। धरोहर / ईएमडी राशि जमा करने की अंतिम तिथि 27.03.2025 प्रात: 11:00 बजे तक है। विक्रय किए जाने वाले वाहनों का विवरण निम्नानुसार है:-

ऋणी का नाम	बकाया राशि	वाहन का विवरण	आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि	ईएमडी खाता सं.	निरीक्षण का स्थान निरीक्षण की दिनांक	अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करे
हितेश भट्ट	Rs.4,13,966/- as on 13.02.2025	HYUNDAI GRAND i10 RJ27-CJ-2496 Engine No. D3SBJM617136 Chassis No. MALA851ELJM873498	रु. 3,00,000/- रु.30,000/-	32107898299	DEVRA YARD MAVLI ROAD UDAIPUR 22.03.2025	श्री जगदीश मो.9460339259 श्री पुष्पेन्द्र सिंह मो. 7742029909

नोट: यार्ड किराया नीलामी राशि के अतिरिक्त होगा। वाहन की नीलामी दिनांक 27.03.2025 को प्रात: 11:00 बजे से 03:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)शाखा परिसर नगर पालिका,पिण्डवाडा,सिरोही में आयोजित की जाएगी।
शर्तें: सफलतम निविदाकार को निविदा राशि का 25% राशि (मय धरोहर राशि)नीलामी दिनांक से 3 कार्य दिवस में जमा करानी होगी। शेष 75% राशि विक्रय की विक्रय पुष्टि दिनांक से 15 दिवस के भीतर जमा करानी होगी। सभी तरह के विविध खर्चे, यार्ड किराया एवं टैक्स इत्यादि का भुगतान पूर्ण रूप से खरीददार को वहन करना होगा। ईएमडी एवं केवाईसी दस्तावेज जमा कराने की अंतिम दिनांक 27.03.2025 प्रात: 11:00 बजे तक।
दिनांक : 13.03.2025 स्थान : सिरोही (राज.) प्राधिकृत अधिकारी (भारतीय स्टेट बैंक)

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत
शाखा कार्यालय: ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नं. 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर- 313001

निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(8) के साथ नियम 9(1) के साथ पढ़ा जाए
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईसीआईसीआई एचएफसी) ने नीचे उल्लिखित बंधक संपत्ति की बिक्री के लिए कई ई-नीलामी आयोजित की, हालांकि, ऐसी सभी ई-नीलामी विफल रहीं। अब, एक इच्छुक खरीदार ने उक्त संपत्ति को रुपये 8,65,688/- की राशि में खरीदने के प्रस्ताव के साथ आईसीआईसीआई एचएफसी से संपर्क किया है। इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे निजी संधि के माध्यम से, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार ''जहां है जैसी है'', ''जो है जैसी है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/ कानूनी उत्तराधिकारियों का नाम ऋण खाता संख्या	सुरक्षित का विवरण ज्ञात के साथ संपत्ति रुकावटें, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य अग्रिम जमा धन	संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की तारीख समय	नीलामी तिथि से एक दिन पहले	सरफेसी अवस्था
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)	(एच)	(आई)
1.	मिठू सिंह (उधारकर्ता) पारस कुंवर (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHRSM00001273224	आवासीय प्लॉट संख्या 51, गांव आरएचबी रोड, भोईदा तहसील एवं जिला राजसमंद, राजस्थान	34,68,706.60/- 04 मार्च, 2025	रु. 8,65,688/- रु. 86,569/-	21 मार्च, 2025 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न	28 मार्च, 2025 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न	27 मार्च, 2025 को शाम 04:00 बजे से पहले	भौतिक कब्ज़ा

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- https://BidDeal.in) पर आयोजित की जाएगी। संभावित बोलीदाताओं को बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। (डीडी) (कॉलम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा कार्यालय का पता **27 मार्च, 2025 को शाम 04:00 बजे** या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लेखित है। संभावित बोलीदाताओं को इसकी एक हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तें फॉर्म, शाखा कार्यालय का पता **27 मार्च, 2025 को शाम 05:00 बजे** से पहले या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लेखित है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से ''आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'' के पक्ष में पाली में देय होना चाहिए।
आम जनता से अनुरोध है कि वे ऊपर उल्लिखित इच्छुक खरीदार द्वारा दी जा रही राशि से अधिक की बोली जमा करें। इसके द